# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
# DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांकः लो0अ0वि0 / परीक्षा / 1624 / 2021 दिनांकः 10 / 12 / 2021

## अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 से आबद्ध** सत्र **2021–22** की प्रथम सेमेस्टर **(बी0ए0 / बी0काम0 / बी0एस–सी0)** की परीक्षा के लिए आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाएं निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

| विवरण | प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|
| छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने की तिथि | 12.12.2021 | 27.12.2021 |
| महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करने की तिथि | 12.12.2021 | 28.12.2021 |

1. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 से आबद्ध** सत्र **2021–22** के लिए **स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बी0ए0 / बी0काम0 / बी0एस–सी0)** को छात्रों के आनलाइन माध्यम से परीक्षा–शुल्क प्रति सेमेस्टर रू. 600.00, नामांकन शुल्क रू. 200.00, अंक तालिका शुल्क रू. 100.00 प्रति सेमेस्टर, क्रीड़ा शुल्क रू. 100.00 प्रति वर्ष एवं एल्युमिनी शुल्क रू.10.00 प्रति वर्ष, कुल शुल्क रू.1010.00 (एक हजार दस मात्र) जमा करना होगा।
2. छात्र/छात्रा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय अनिवार्य रूप से वही विषय आवेदन पत्र में चयनित करेंगे जो प्रवेश के समय उन्हें महाविद्यालय द्वारा आवाण्टित किया गया है, अन्यथा की स्थिति में उनका आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

### 1. छात्र/छात्राओं हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाः–

1. छात्र/छात्रा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलें।
2. छात्र/छात्रा UIN और अपनी जन्म–तिथि को अंकित करते हुए आनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र पूरित करने हेतु खोलेंगें।
3. तत्पश्चात् आनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में वांछित विवरण को सावधानीपूर्वक भरें।
4. छात्र/छात्रा प्रिंट किये गये आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र की दो प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त महाविद्यालय में उपरोक्त निर्धारित समय सीमा में एक प्रति जमा करना सुनिश्चित करेंगें तथा एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
5. **छात्र/छात्रा महाविद्यालय में त्रुटिरहित परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ही जमा करना सुनिश्चित करेगें।**
6. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित छात्र/छात्रा ऐसी दशा में अपने आवेदित परीक्षा आवेदन पत्र का महाविद्यालय के स्तर से संशोधन कराना सुनिश्चित करेंगें।

### 2. महाविद्यालयों हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापित/वेरीफाई करने से सम्बन्धित प्रक्रियाः–

1. महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्र/छात्राओं द्वारा उपर्युक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार जमा किए गए आवेदन पत्रों को सत्यापित/वेरीफाई करने हेतु वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलेंगें।

2. महाविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशित छात्र/छात्राओं का विवरण जो UIN सत्यापन की प्रक्रिया के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है उन्हीं छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन-पत्र सत्यापित किया जाना होगा।
3. महाविद्यालय छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र के सत्यापन/संशोधन हेतु लागिन के अन्दर उपलब्ध परीक्षा आवेदन पत्र वेरीफिकेशन विकल्प पर क्लिक करेंगे।
4. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है तो ऐसी दशा में छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने के उपरान्त ही महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किये जायेगें तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय एवं छात्र/छात्रा की होगी।
5. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं द्वारा निर्धारित तिथि में जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्रों का स्वयं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर लें, अर्हता सम्बन्धी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण न होने पर तत्सम्बन्धी छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं उपर्युक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
6. यदि महाविद्यालय में सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सम्बद्धता **सत्र 2020–21 में समाप्त हो गयी है तो उस महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सत्र 2021–22 हेतु सम्बद्धता/विस्तरण प्राप्त किये बिना छात्र/छात्राओं का प्रवेश किसी भी दशा में न लिया** जाय। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा प्रवेश लेकर छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धक की होगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
2. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/प्रशासनिक अधिकारी/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी/कुलसचिव, वित्तअधिकारी/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
5. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी।
6. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को अपलोड करने एवं आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें ।

७. कार्यालयीय प्रति ।

**परीक्षा नियंत्रक**